भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

राज्यसभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1834
(जिसका उत्तर मंगलवार दिनांक 16 दिसंबर**,** 2025/25 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है।)

जीएसटी संग्रहण संबंधी अभिलेखों को बनाये रखना

1834. श्रीमती संगीता यादव :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देशभर में जिला-स्तर पर माल एवं सेवा कर संग्रहण संबंधी अभिलेखों को बनाये रखती है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या ऐसे अभिलेख, समीक्षा हेतु सुलभ मानकीकृत प्रारूप में संकलित एवं बनाये रखे जाते हैं;

(ग) क्या मंत्रालय ने लगातार पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान माह-वार एवं जिला-वार जीएसटी संग्रहण संबंधी आंकड़े प्रकाशित या साझा किए हैं;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार जिला-स्तर के ऐसे जीएसटी संग्रहण डेटा को नियमित रूप से सार्वजनिक करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो उसकी समय-सीमा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क), (ख), (ग) और (घ): देश भर में जिला स्तर पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रहण का रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है। हालांकि, राज्यवार मासिक जीएसटी संग्रहण डेटा आधिकारिक जीएसटी पोर्टल के URL: www.gst.gov.in पर उपलब्ध है।

(ङ): इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****